संज्ञा व भेद

संज्ञा- किसी व्यक्ति (Person), वस्तु (Thing), स्थान (Place) या भाव (Feeling) के नाम को संज्ञा कहते हैं। जैसे- राम, मुंबई, पुस्तक, खुशी आदि।

संज्ञा के **तीन भेद** हैं जो इस प्रकार हैं:

1. **जातिवाचक संज्ञा- (common noun)**

जो शब्द एक ही प्रकार के सभी प्राणियों, वस्तुओं के समूह की जानकारी दें, जातिवाचक संज्ञा होते हैं। जैसे- पर्वत, नदी, लड़का, शहर, खिलाड़ी, पुस्तक, फूल, सेना, विद्यालय आदि।

2. **व्यक्तिवाचक संज्ञा- (Proper noun)**

जो शब्द किसी विशेष व्यक्ति स्थान या वस्तु की जानकारी दें उन्हें व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- हिमालय, ताजमहल, दिल्ली, रामायण, गंगा, कृष्ण, गीता, भारत आदि।

3. **भाववाचक संज्ञा- (Abstract noun)**

जो शब्द किसी व्यक्ति, वस्तु के गुण-दोष, भाव, दशा, अवस्था, स्वभाव आदि के बारे में बताएं वे भाववाचक संज्ञा होते हैं। जैसे- बचपन, मोटापा, ईमानदारी, सुंदरता, चतुराई, प्रेम, हरियाली, अच्छाई, मिठास, मित्रता आदि।

****